विद्या भारती पूर्वी उ०प्र० Contact-9415888806

सरस्वतीकुञ्ज, निरालानगर, लखनऊ

E-mail-vidyabhartipurviup@gmail.com
Website-vbeastup.org

दिनांक 26-11-2018 को ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, गंगापुरी, रसूलाबाद, प्रयाग में "अटल टिंकरिंग लैब" का उद्घाटन मा० डोमेश्वेर साहू जी, क्षेत्रीय संगठन मंत्री विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश के कर कमलों से हुआ। इसमें बालक द्वारा त्वरित नवाचार प्रयोग करने की कौशल विकास के लिए इस प्रयोगशाला का उपयोग होगा।

पढ़ाई के साथ वैज्ञानिक सोच विकसित करना आवश्यक

ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज गंगापुरी में अटल टिंकरिंग लैब के उद्घाटन पर विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय संगठन मंत्री डोमेश्वर साहू, डीआइजी कुंभ केपी सिंह और जिला विद्यालय निरीक्षक आरएन विश्वकर्मा।

जागरण संवाददाता, प्रयागराज : ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गंगापुरी रसूलाबाद में सोमवार को प्रथम 'अटल टिंकरिंग लैब' का उद्घाटन किया गया। छात्रों में वैज्ञानिक सोच और नए आविष्कारों को बढ़ावा देने के लिए इस लैब की स्थापना की गई है।

मुख्य अतिथि विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय संगठन मंत्री डोमेश्वर साहू ने कहा कि स्कूली पढ़ाई के साथ छात्रों को वैज्ञानिक सोच अवश्य विकसित करना चाहिए। आज इंजीनियरिंग और डॉक्टर बनने की सोच हावी होती जा रही है। सभी को पहले बेहतर छात्र बनने पर जोर देना चाहिए। अध्यक्षता कर रहे डीआइजी कुंभ केपी सिंह ने कहा कि शिक्षा का सबसे बड़ा उद्देश्य तर्क पर आधारित ज्ञान को स्वीकार करना है। नए भारत के निर्माण के लिए तर्क आधारित ज्ञान की बहुत आवश्यकता है।

विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक आरएन विश्वकर्मा ने छात्रों की जिज्ञासु प्रवृत्ति पर जोर दिया। बोर्ड में अच्छा स्थान पाने के साथ-साथ नवाचार पर जोर दिया। नवाचारी शिक्षा पर भी बल देने हेतु प्रेरणा दी। स्वागत विद्यालय के प्रधानाचार्य विक्रम बहादुर सिंह ने किया। कार्यक्रम में कई विद्यालयों के शिक्षक एवं प्रधानाचार्य शामिल रहे।

रिंग लैब
अटल टिंकरिंग लैब
का
!! उद्घाटन !!

ATAL
TINkERING LAB
A Step Towards Constructive Learning...